**Nai Dunia (Indore), 26th September 2022, Page – 02**

# आइआइटी : पांच दिनी प्रशिक्षण आज से

**इंदौर (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) इंदौर और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान (एनआइडीएम) द्वारा शहरों, उद्योगों और व्यवसायों के लिए आपदा-संकट प्रबंधन व समाधान को लेकर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 26 से 30 सितंबर तक आइआइटी में आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम ईसीडीआरएम प्रमुख प्रो. अनिल कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में तैयार किया गया है।

इसका उद्देश्य संबंधित अधिकारियों और विज्ञानी को आपदा और संकट की पहचान के लिए मापदंडों पर सटीक रूप से कार्य करना और जनता व अर्थव्यवस्था की रक्षा के लिए प्रयास करना है।

**परिचर्चा और व्याख्यान भी:** यह प्रशिक्षण कार्यक्रम बहु आपदा संकट प्रबंधन और समाधान के लिए पर्याप्त रूपरेखा और दिशा निर्देश बनाने में सहायक साबित होगा। आयोजन के दौरान परिचर्चा और व्याख्यान भी होंगे। आयोजन के संयोजक आइआइटी इंदौर के इंफ्रास्ट्रक्चर डीन प्रो. मनीष के गोयल और समन्वयक एनआइडीएम की डा. कोपल वर्मा हैं।